पाठ 1

# रिश्ते–नाते

जमना अपने माता–पिता के साथ शहर में रहती है। उसके माता–पिता शहर में नौकरी करते हैं। दीपावली की छुट्टियों में वह अपने माता–पिता के साथ अपने दादा जी–दादी जी से मिलने गाँव गई। वहाँ उसने देखा कि गाँव के चबूतरे पर बुजुर्ग लोग बैठे आपस में बातचीत कर रहे थे। पिताजी ने सभी का अभिवादन किया और उनकी कुशलक्षेम जानी। घर पहुँचकर माता– पिता सहित जमना ने दादा जी–दादी जी के चरण छुए।

दादी जी ने जमना को अपने पास खाट पर बैठा लिया और लाड़ करने लगी। जमना ने दादी जी से पूछा कि गाँव में चबूतरे पर इतने सारे लोग क्यों बैठे हुए थे?

वे सभी लोग आपस में दीपावली के त्योहार के संबंध में चर्चा कर रहे हैं, दादी जी ने बताया। दीपावली के दूसरे दिन जमना अपनी माँ के साथ गाँव में सभी लोगों के यहाँ मिलने गई। माँ सभी बड़ों के चरण छूती, बड़े लोग आशीर्वाद देते। पूरे दिन यह चलता रहा। शाम को जमना जब घर लौटी तो दादी जी से कहा कि "दादी जी गाँव में तो बहुत बड़े–बड़े घर हैं।"



चित्र 1.1 दादाजी–दादीजी से बात करते हुए बच्चे

दादी – हाँ बेटा! यहाँ पूरा परिवार साथ रहता है। दादा–दादी, ताऊ–ताई, चाचा–चाची और उनके बच्चे।

जमना – दादी जी, हमारे वहाँ तो ज्यादातर घरों में माता–पिता और बच्चे रहते हैं।

## सोचिए और लिखिए

आपके परिवार में कौन–कौन हैं ? उनके साथ आपका क्या संबंध हैं ? नीचे की तालिका में लिखिए

| क्रम सं. | नाम | संबंध |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

## पता कीजिए

- कक्षा में किसके घर में सबसे अधिक सदस्य हैं और किसके घर में सबसे कम सदस्य हैं?
- आपमें से कौन–कौन अपने दादा जी–दादी जी के साथ रहते हैं और कौन–कौन दादा जी–दादी जी के साथ नहीं रहते हैं?

## तालिका देखकर बताइए, आप इन रिश्तों को क्या कहते हैं?

| मेरे / मेरी ................ | संबंध |
|---|---|
| पिता जी के पिता जी | |
| माँ की बहिन | |
| पिता जी के छोटे भाई | |
| चाचा जी की पत्नी | |
| माँ के पिता जी | |
| पिता जी के बडे भाई | |
| माँ के भाई | |
| पिता जी की बहिन | |
| चाचा जी की लड़की | |
| ताऊ जी का लड़का | |
| पिता जी की माता जी | |
| माँ की माता जी | |

जमना अपने माता–पिता के साथ शहर में रहती है। इसी प्रकार कई परिवारों में कुछ सदस्य अलग–अलग कारणों से घर से दूर रहते हैं।

आपके परिवार के कोई सदस्य यदि परिवार से दूर रहते हैं तो, उनके बारे में जानकारी एकत्र करके नीचे की तालिका में लिखिए

| क्रम संख्या | परिवार से दूर रहने वाले सदस्य का नाम | आपसे संबंध | किस शहर/गाँव में रहते हैं? |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## इसे भी कीजिए

अपने परिवार के सदस्यों के नाम लिख कर कॉपी में शिक्षक की सहायता से वंश–वृक्ष तैयार कीजिए।

**शिक्षक निर्देश :– शिक्षक समस्त विद्यार्थियों को अवसर देवें कि वे बारी–बारी से अपने–अपने पारिवारिक रिश्तेदारों के नाम बताएँ एवं रिश्तों की समझ विकसित करें। बालक अपना परिचय एवं रूचि को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकें।**

जमना के चाचा–चाची, दादा जी–दादी जी के साथ गाँव में ही रहते हैं। कुछ समय बाद चाची जी माँ बन गई। उन्होंने एक प्यारी सी गुड़िया को जन्म दिया। घर के सब लोग बहुत खुश हुए। चाचा जी भी पिता बनकर बहुत खुश हुए। जमना भी यह जानकर बहुत खुश हुई कि उसके भी एक छोटी बहिन आ गई।

कुछ समय बाद जमना छुट्टियों में नन्हीं गुड़िया से मिलने वापस गाँव गई। वहाँ उसने देखा कि घर के सभी लोग गुड़िया का अच्छे से ध्यान रख रहे हैं।

## सोचिए और लिखिए

- आपके परिवार में भी जन्म होने से या शादी–ब्याह होने से कोई नया सदस्य जुड़ा हैं? यदि हाँ, तो उसका आपके साथ क्या संबंध है ?

........................................................................................................

दादी जी उसे रोज नई–नई कहानियाँ सुनाती थी। एक दिन सुबह जमना जल्दी ही उठ गई। रोज की तरह शौच से निवृत्त हो हाथ–मुँह साबुन से धोए। मंजन से दाँत साफ कर किए। दादी जी ने उसे नहला कर बाल बना दिए। फिर जमना दादा जी के साथ खेतों की तरफ घूमने गई। खेतों में लहलहाती फसलें देखना उसे अच्छा लगा। उसे दादा जी के साथ खेत में घूमने पर बड़ा मजा आया। जमना दादा जी–दादी जी के साथ बहुत खुश थी।

## सोचिए और लिखिए

- आप सुबह कितने बजे उठते हो?

........................................................................................................

........................................................................................................

- आपको अपने दैनिक कार्यों में जैसे– मंजन करना, नहाना आदि में कौन–कौन मदद करते हैं?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

- हमारा रोज नहाना क्यों आवश्यक है?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

- स्वस्थ रहने के लिए कौन–कौनसी अच्छी आदतें अपनानी चाहिए ?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

- घर में आपको कौन–कौन कहानी सुनाते हैं?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

## अपने बारे में लिखिए

### मेरा परिचय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मेरा नाम | ...................................... |
| 2. | मेरे पिता जी का नाम | ...................................... |
| 3. | मेरी माँ का नाम | ...................................... |
| 4. | मेरे गाँव / शहर का नाम | ...................................... |
| 5. | मेरे परिवार में सदस्य संख्या | ...................................... |
| 6. | मेरे विद्यालय का नाम | ...................................... |
| 7. | मेरी पंसद का खेल | ...................................... |
| 8. | मेरी रुचि का कार्य | ...................................... |
| 9. | मेरे दोस्त / मेरी सहेली का नाम | ...................................... |
| 10. | मैं बड़ा होकर बनना चाहती हूँ / चाहता हूँ | ...................................... |

शिक्षक निर्देश :– शिक्षक विद्यार्थियों में समझ विकसित करें कि लोग किन–किन कारणों से परिवार से अलग रहते हैं।

## मेरे परिवार की खास बातें

आपने अब तक अपने परिवार व आपसी संबंधों के बारे में जाना। परिवार के सभी सदस्यों की अलग–अलग विशेषताएँ होती हैं। कोई सदस्य बड़ा तो कोई छोटा, कोई मोटा तो कोई पतला होता है। आपके परिवार में भी अलग–अलग सदस्यों की अलग–अलग विशेषताएँ होगी।

### सोचिए और लिखिए

- आपके परिवार में आयु के अनुसार सबसे छोटे व सबसे बड़े सदस्य का नाम बताइए।

  ..........................................................................................................

- आपके परिवार में सबसे लंबे बाल किसके हैं?

  ..........................................................................................................

- वे अपने लंबे बालों की देखभाल कैसे करते हैं?

  ..........................................................................................................

- आपके परिवार में सबसे लंबा कौन है?

  ..........................................................................................................

जमना की बहिन अच्छा गाती है। एक दिन विद्यालय की बाल सभा में उसने गाना गाया। गाना सभी को पसंद आया। सभी ने खूब तालियाँ बजाई। कक्षा के अनिल ने अच्छी ढोलक बजाई। दीपक ने कई जानवरों व पक्षियों की आवाज निकाली तो, सभी चकित रह गए।

## सोचिए और लिखिए

- आपकी अपनी रूचियाँ लिखिए।

.............................................................................................................

.............................................................................................................

- अपने प्रिय साथी की कौनसी रुचि आपको अच्छी लगती है?

.............................................................................................................

- आपने अपने विद्यालय की किन–किन गतिविधियों में भाग लिया है?

.............................................................................................................

जमना की माँ अच्छा खाना बनाती है। उसके पिता जी द्वारा बनाई हुई मिठाई बहुत ही स्वादिष्ट होती है। जमना की बुआ राजसमंद में रहती है। वह कपड़ों की सिलाई अच्छी करती है। दूर–दूर से लोग उनके पास कपड़े सिलवाने आते हैं। इससे उनके परिवार को भी आर्थिक मदद मिलती है। सुनीता के पड़ौस में ही अनवर का परिवार रहता है। वह कपड़ों की रंगाई का कार्य करता है।

## सोचिए और लिखिए

- आपके परिवार में सबसे अच्छा खाना कौन बनाता है?

.............................................................................................................

- आपके परिवार के सदस्य किस–किस काम को अच्छी तरह से कर सकते हैं?

.............................................................................................................

- आपके पड़ोस में जिन लोगों की मुख्य विशेषताएँ हैं, उनकी कक्षा में चर्चा कर लिखिए।

.................................................................................................

- आपके परिवार में आर्थिक सहयोग कौन–कौन करता है?

.................................................................................................

## हमने सीखा

- गाँव में अधिकांश परिवार संयुक्त रूप से रहते हैं एवं घर का मुखिया घर की बागडोर संभालता है।
- संयुक्त परिवार में रहने के कारण, बच्चे पारिवारिक रिश्तों को जानते हैं। जैसे–दादा–दादी, काका–काकी, ताऊ–ताई, बुआ–फूफा, भैया–दीदी आदि।
- दादा–दादी एवं बड़ों से बच्चों को अच्छे संस्कार सीखने को मिलते हैं।
- प्रत्येक व्यक्ति की रूचि एवं पसंद अलग–अलग होती हैं।
- व्यक्ति अपनी विशेषताओं के आधार पर कार्य कर घर में आर्थिक सहयोग भी करते हैं।

**प्रेम, सहयोग है जहाँ।**
**सुखी परिवार है वहाँ।।**